THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (DR. ABRAR AHMED): (a) and (b) Some employees of Ellaquai Dehati Bank (EDB) who migrated from Kashmir Valley have been re-deployed temporarily in different Regional Rural Banks (RRBs) situated in the States of Haryana, Himachal Pradesh, Uttar Pradesh, Rajasthan. Madhya Pradesh etc. and are getting their salary from such RRBs. Ellaquai Dehati Bank has been advised to forward relevant service books and leave records of the employees concerned to the RRBs to which they have been re-deployed to enable these RRBs to take necessary action to comply with administrative formalities, including granting of leave, increment, etc.

**मध्य प्रदेश में सामान्य भविष्य निधि की राशि के अन्तिम भुगतान के लम्बित मामले**

1961. **श्री दिलीप सिंह जुदेव :** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में महालेखाकार के कार्यालयों में 30 जून, 1993 तक पेंशन निर्धारण और सामान्य भविष्य निधि के अन्तिम भुगतान के कितने मामले अन्तिम रूप से निपटाये जाने के लिए लम्बित हैं;

(ख) 1992-93 के दौरान ऐसे कितने मामलों को अन्तिम रूप से निपटा दिया गया है और कितने मामलों को आंशिक रूप से निपटाया गया है;

(ग) उक्त तिथि तक सरकारी कर्मचारियों के इस सामान्य भविष्य निधि खाते में जमा नहीं की जा सकी राशि का ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(घ) भुगतान एवं जमा करने के लिए लम्बित मामलों को शीघ्र निपटाने के लिए की जा रही कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ?

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम०वी० चन्द्रशेखर मूर्ति) :** (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है तथा यथा सम्भव शीघ्र सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

**मध्य प्रदेश के अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही**

1962. **श्री दिलीप सिंह जुदेव :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में वित्त विभाग द्वारा कराये गये विशेष लेखा परीक्षणों के कितने मामले कार्यवाही के लिए 30 जून 1993 तक लम्बित है ;

(ख) ये मामले कब से लम्बित हैं और इनमें कितना धन अन्तर्ग्रस्त है;

(ग) उक्त मामलों में किन-किन विभागों से कार्यवाही करने की अपेक्षा है और समय पर कार्यवाही न करने के लिए किन्हें जिम्मेदार पाया गया है; और

(घ) भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति को रोकने के लिए की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ?

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम०वी० चन्द्रशेखर मूर्ति):** (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है तथा यथासम्भव शीघ्र सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

**गुजरात स्थित राष्ट्रीयकृत बैंकों में धोखाधड़ी के मामले**

1963. **श्री रामसिंह राठवा:** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1991-92 और 1992-93 के वर्षों के दौरान गुजरात स्थित राष्ट्रीयकृत बैंकों में धोखाधड़ी गबन लूटपाट और जमाकर्ताओं के खातों की राशियों के दुर्विनियोजन के कितने मामले हुए हैं और इनमें से प्रत्येक बैंक को वर्ष-वार कुल कितना घाटा उठाना पड़ा;

(ख) उक्त अवधि के दौरान इन मामलों में अंतर्ग्रस्त कितने बैंक कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है/किए जाने का विचार है; और

(ग) गुजरात में कौन-कौन से स्थानों तथा किन-किन बैंकों में ऐसे मामले प्रकाश में आए हैं और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ?

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० अबरार अहमद)** : (क) से (ग) वर्तमान आंकड़ा सूचना प्रणाली से माननीय सदस्य द्वारा मांगे गए अनुसार सूचना प्राप्त नहीं होती है। तथापि सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक को दी गयी सूचना के अनुसार वर्ष 1991, 1992 और 1993 (मार्च तक) में बैंक वार कुल धोखाधड़ियों की संख्या और उससे अन्तर्ग्रस्त राशि विवरण में दी गयी है (नीचे देखिये) :

यह जरूरी नहीं है कि धोखाधड़ियों में अन्तर्ग्रस्त धनराशि, बैंकों को अन्ततः होने वाली हानि की द्योतक हो। सामान्यतः बैंकों के पास इन अग्रिमों को कवर करने के लिए कुछ प्रतिभूतियां होती हैं। बैंक उपयुक्त राहत के लिए दीवानी और फौजदारी मुकदमें भी दायर करते हैं। इसके अलावा बैंकों के पास बीमा कवर भी होते हैं।

धोखाधड़ियों के मामलों में अन्तर्ग्रस्त होने के कारण वर्ष 1991 और 1992 में बर्खास्त/डिस्चार्ज और सेवा से निकाले गए कर्मचारियों संबंधी सूचना नीचे दी गयी है:—

| | 1991 | 1992 |
|---|---|---|
| (i) दोषसिद्ध कर्मचारियों की संख्या . . | 82 | 51 |
| (ii) कर्मचारियों की संख्या जिन्हें (बड़े/छोटे) दंड दिए गए | 829 | 849 |
| (iii) उपर्युक्त (ii) में से बर्खास्त/डिस्चार्ज/हटाए गए कर्मचारियों की संख्या . . . | 289 | 275 |
| (iv) कर्मचारियों की संख्या जिनके विरुद्ध न्यायालयों में मुकदमे चल रहे हैं . . . | 640 | 737 |
| (v) कर्मचारियों की संख्या जिसके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई लम्बित है . . . . | 1563 | 1718 |

गुजरात राज्य में वर्ष 1991, 1992 और 1993 (मार्च तक) सरकारी क्षेत्र के बैंकों में हुई लूटपाट/डकैतियों संबंधी घटनाओं की सूचना इस प्रकार है :—

(लाख रुपए)

| क्रम सं० | बैंक/शाखा का नाम | घटना की तारीख | अन्तर्ग्रस्त धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | ओरिएंटल बैंक ऑफ कामर्स, लहेरिपुर, बड़ौदा . . | 19-8-91 | 0.11 |
| 2. | स्टेट बैंक आफ सौराष्ट्र छतराल, महसाना . . | 8-5-91 | 0·00 |
| 3. | स्टेट बैंक आफ सौराष्ट्र महुआ, भावनगर . . | 2-6-91 | 0.06 |
| 4. | स्टेट बैंक आफ सौराष्ट्र गढ़ाढ़ा मुख्य शाखा, भावनगर . | 2-3-93 | 0.11 |

प्राप्त सूचना के अनुसार इन घटनाओं के संबंध में चार लुटेरे/डकैतों को गिरफ्तार किया गया है और इनमें से एक घटना में एक कर्मचारी मारा गया। इन घटनाओं में किसी बैंक कर्मचारी के लिप्त होने की सूचना नहीं है।

## विवरण

**वर्ष 1991, 1992 और 1993 (मार्च तक) के दौरान भारत में सरकारी क्षेत्र के बैंकों में घटित धोखाधड़ी की घटनाओं और उनमें अन्तर्ग्रस्त राशि की बैंक-वार स्थिति।**

| क्र० सं० | बैंक का नाम | 1991 | | 1992 | | 1993 (मार्च तक) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | धोखा-धड़ियों की सं० | अन्तर्ग्रस्त राशि (लाख रु०) | धोखा-धड़ियों की सं० | अंतर्ग्रस्त राशि (लाख रु०) | धोखा-धड़ियों की सं० | अंतर्ग्रस्त राशि (लाख रु०) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | भारतीय स्टेट बैंक | 457 | 520.64 | 499 | 478.39 | 124 | 152.94 |
| 2. | स्टेट बैंक आफ बीकानेर एंड जयपुर | 19 | 603.54 | 21 | 171.64 | 6 | 129.77 |
| 3. | स्टेट बैंक आफ हैदराबाद | 14 | 34.73 | 33 | 19.05 | 8 | 4.64 |
| 4. | स्टेट बैंक आफ इंदौर | 9 | 77.50 | 24 | 11.48 | 8 | 20.65 |
| 5. | स्टेट बैंक आफ मैसूर | 24 | 12.89 | 27 | 15.84 | 11 | 5.73 |
| 6. | स्टेट बैंक आफ पटियाला | 9 | 6.39 | 15 | 64.80 | 11 | 214.92 |
| 7. | स्टेट बैंक आफ सौराष्ट्र | 11 | 121.20 | 10 | 84.35 | 1 | 0.13 |
| 8. | स्टेट बैंक आफ त्रावणकोर | 14 | 8.92 | 21 | 93.77 | 6 | 8.17 |
| 9. | इलाहाबाद बैंक | 34 | 25.56 | 38 | 67.46 | 8 | 2.72 |
| 10. | आन्ध्र बैंक | 35 | 290.03 | 41 | 1028.75 | 19 | 116.45 |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 11. | बैंक आफ बड़ौदा . | 79 | 240.95 | 70 | 281.64 | 25 | 175.09 |
| 12. | बैंक आफ इंडिया . | 96 | 689.03 | 154 | 701.75 | 36 | 147.81 |
| 13. | बैंक आफ महाराष्ट्र | 12 | 742.29 | 31 | 289.63 | 2 | 0.54 |
| 14. | कनेरा बैंक | 115 | 489.14 | 140 | 369.35 | 66 | 44.81 |
| 15. | सेंट्रल बैंक आफ इंडिया | 68 | 106.04 | 50 | 1311.66 | 26 | 89.25 |
| 16. | कारपोरेशन बैंक . | 19 | 6.64 | 14 | 16.47 | 8 | 36.54 |
| 17. | देना बैंक | 20 | 46.16 | 32 | 33.66 | 5 | 17.78 |
| 18. | इंडियन बैंक | 56 | 223.73 | 65 | 319.93 | 10 | 2.99 |
| 19. | इंडियन ओवरसीज बैंक | 60 | 18.67 | 83 | 745.40 | 9 | 28.05 |
| 20. | न्यू बैंक आफ इंडिया | 19 | 517.28 | 25 | 495.83 | 5 | 1.12 |
| 21. | ओरियंटल बैंक आफ कामर्स | 7 | 80.25 | 6 | 26.66 | — | — |
| 22. | पंजाब नैशनल बैंक . . | 42 | 218.59 | 54 | 111.53 | 20 | 92.31 |
| 23. | पंजाब एण्ड सिंध बैंक . | 14 | 198.70 | 6 | 245.61 | 7 | 213.22 |
| 24. | सिंडिकेट बैंक | 116 | 381.85 | 96 | 202.38 | 47 | 38.24 |
| 25. | यूनियन बैंक आफ इंडिया | 65 | 46.05 | 44 | 47.45 | 12 | 4.06 |
| 26. | यूनाइटेड बैंक आफ इंडिया | 24 | 7.71 | 26 | 243.29 | 10 | 5.55 |
| 27. | यूको बैंक . | 57 | 492.18 | 39 | 4466.87 | 8 | 8.83 |
| 28. | विजया बैंक | 40 | 58.40 | 38 | 25.16 | 11 | 80.45 |
| | योग : . | 1535 | 6265.06 | 1702 | 11978.80 | 509 | 1642.76 |